वर्ष-01, अंक-293
छपरा
25 अगस्त रविवार
2024
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# सीएम नीतीश ने AAI के अधिकारियों संग की बैठक

## पूर्णिया में जल्द बनेगा एयरपोर्ट, काझा कोठी पार्क के सौंदर्यीकरण कार्यों का किया शिलान्यास

**पूर्णिया,एजेन्सी।** सीएम नीतीश कुमार शनिवार को पूर्णिया पहुंचे। दोपहर करीब 12 बजे चूनापुर सैन्य हवाई अड्डा पहुंचे। यहां उन्होंने पूर्णिया एयरपोर्ट निर्माण कार्यों में तेजी लाने को लेकर बैठक की। इसमें भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण(AAI) के अधिकारियों के अलावा स्थानीय अधिकारी शामिल हुए।

इसके बाद काझा कोठी पहुंचे। यहां काझा कोठी पार्क के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास किया। ये पार्क पर्यटन विभाग की ओर से करोड़ों की लागत से बनाया जा रहा। इस दौरान वे करीब 1 घंटे तक पूर्णिया में रहे। वहीं, सीएम के आगमन को लेकर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम दिखाई दिए।



**2015 के पीएम पैकेज में शामिल है पूर्णिया हवाई अड्डा :** पीएम पैकेज 2015 का हिस्सा होने के बावजूद अब तक पूर्णिया से हवाई सेवा शुरू नहीं हो सकी है। इसके चलते सीमांचल के लोगों का हवाई यात्रा करने का सपना अब तक साकार नहीं हो सका है। इसी को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूर्णिया के चूनापुर स्थित सैन्य हवाई अड्डा पहुंचे थे। सीएम ने सैन्य हवाई अड्डा स्थित सभा कक्ष में पूर्णिया एयरपोर्ट सिविल एन्क्लेव निर्माण को लेकर AAI के अधिकारियों के अलावा स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक की।

### सड़क मार्ग से काझा कोठी निकले

अधिकारियों को एयरपोर्ट के निर्माणकार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस बैठक में दिल्ली से लेकर पटना तक के अधिकारी शामिल रहे। बैठक करीब 25 मिनट तक चली। इसके बाद वे एयरपोर्ट से ही कड़ी सुरक्षा के बीच सड़क मार्ग के रास्ते काझा कोठी के लिए निकले।

सीएम ने काझा गांव स्थित काझा कोठी पहुंचकर बिहार के तीन बार के मुख्यमंत्री रहे भोला पासवान शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद पर्यटन के दृष्टिकोण से समृद्धि काझा कोठी के सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास किया। इसे दिल्ली हाट के तर्ज पर काझा हाट का निर्माण कराया जाएगा। यहां उन्होंने कई दूसरे कार्यक्रमों में भाग लिया। सीएम काझा कोठी में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया। इसके बाद परोरा स्थित क्रीड़ा मैदान में बनाए गए हेलीपैड के लिए प्रस्थान किया। यहां से वे हेलिकॉप्टर से पटना के लिए रवाना हुए।

### जल्द लोगों के हवाई सफर का अरमान होगा पूरा

इस मामले में सदर विधायक विजय खेमका ने कहा कि सीएम ने पूर्णिया एयरपोर्ट निर्माण कार्यों में तेजी लाने को लेकर,ढ्ढ के अधिकारियों के अलावा स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक की है। कई आवश्यक निर्देश दिए हैं। बेहद जल्द पूर्णिया के लोगों का हवाई सफर का अरमान पूरा होगा। न सिर्फ पूर्णिया बल्कि सीमांचल, कोसी और आसपास के जिलों को भी इससे लाभ मिलेगा।

# तेजस्वी का सवाल, बिहार की बदहाली का जिम्मेदार कौन ?



### महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, अपराध में टॉप पर बिहार, जदयू बोली- उन्हें विकास नहीं दिख रहा, मूर्ख बना रहे

**पटना,एजेन्सी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर बिहार सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा है कि महंगाई के मामले में देश भर में बिहार सबसे टॉप पर है, देश में सबसे अधिक गरीबी बिहार में, देश में सबसे अधिक बेरोजगारी बिहार में, देश में सबसे ज्यादा अपराध बिहार में है।

### जिम्मेदार कौन ?

तेजस्वी ने कहा है कि नीति आयोग के सत्तत विकास सूचकांक में सबसे नीचे बिहार है,आमदनी में देश भर में सबसे कम यही है। गरीबी उन्मूलन में सबसे नीचे बिहार है, भुखमरी में सबसे नीचे बिहार है, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और लैंगिक समानता में सबसे पीछे बिहार है। तेजस्वी ने नीतीश सरकार से सवाल किया है कि आखिर इसका जिम्मेदार कौन है ?

**हमारे कार्यकाल में अप्रत्याशित विकास हुआ = तेजस्वी** उन्होंने कहा कि 15 वर्षों से अधिक समय से बिहार में बीजेपी-एनडीए की सरकार है। 10 वर्षों से केंद्र में इनकी डबल इंजन सरकार है। हमारे बीच के 17 महीनों के सेवाकाल में ही नौकरी-रोजगार, शिक्षा-स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में रिकॉर्ड तोड़ नियुक्तियां और अप्रत्याशित विकास कार्य हुए। लगभग दो दशक बाद भी आखिर और कब तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बीजेपी दूसरों के पर दोष मढ़ कर अपनी जिम्मेदारी से भागते रहेंगे ? आखिर देश में सबसे अधिक बिहार में व्याप्त इस रिकॉर्ड तोड़ महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, अपराध के जिम्मेदार कौन है?

# साल के अंत तक शुरू होगी पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

**रेलवे ने दी गुड न्यूज,यूरोपीय मानकों पर आधारित है यह ट्रेन**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का इंतजार कर रहे लोगों के लिए खुशखबरी है। वंदे भारत ट्रेनों की सफलता के बाद रेलवे जल्द ही वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को लाने का प्लान बना रहा है। ऐसा बताया जा रहा है कि भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन इस साल के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, वंदे भारत सीरीज का तीसरा वर्जन होगी। वंदे भारत सीरीज की ट्रेनों में चेयर-कार ट्रेन और उसके बाद गुजरात में संचालित होने वाली वंदे मेट्रो शामिल हैं। इंटीग्रल कोच फैक्ट्री चेन्नई के महाप्रबंधक यू. सुब्बा राव के अनुसार पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन अगले महीने तक बनकर तैयार हो जाएगी। मनी कंट्रोल से बातचीत में राव ने कहा कि पहली ट्रेन का निर्माण भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड के बेंगलुरु संयंत्र से 20 सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। राव ने कहा, बीईएमएल कोचों का एकीकरण कर रहा है और हम उम्मीद करते हैं कि कोच 20 सितंबर तक चेन्नई के यार्ड पहुंच जाएंगे। इसके बाद हम रेक निर्माण, अंतिम परीक्षण और कमीशनिंग करेंगे, जिसमें लगभग 15-20 दिन लगेंगे। इसके बाद इसे मुख्य लाइन परीक्षणों से गुजरना होगा।

# असम के नगांव गैंगरेप केस के मुख्य आरोपी की मौत

### सुबह साढ़े तीन बजे क्राइम सीन पर ले जाते वक्त तालाब में कूदा

**दिसपुर (एजेंसी)।** असम के नगांव में नाबालिग लड़की से रेप के मुख्य आरोपी की मौत हो गई है। पुलिस के मुताबिक, वह आरोपी तफ्फजुल इस्लाम को शनिवार सुबह 3.30 बजे क्राइम सीन पर ले जा रही थी। इसी बीच वह हिरासत से भागते हुए नगांव के ही धींग में तालाब में कूद गया। एक अधिकारी के हवाले से इस बात की जानकारी दी है। पुलिस ने उसकी तलाशी के लिए तालाब में गोताखोर भेजे, करीब दो घंटे बाद उसका शव बरामद किया गया। तफ्फजुल पर 14 साल की लड़की से रेप का आरोप था। पुलिस के मुताबिक गुरुवार शाम पीड़ित धींग में ट्यूशन से लौट रही थी। तीनों आरोपी मोटरसाइकिल पर आए और उसे पकड़ लिया। इस केस में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और दूसरे को हिरासत में लिया, जबकि तीसरे की तलाश जारी है। आरोपी की मौत पर नागांव एसपी स्वप्ननील डेका ने कहा, 'उससे पूछताछ करने और अपराध स्थल पर ले जाने के बाद, उसने हमारी हिरासत से भागने का प्रयास किया।






# बहुत जल्द सामने आएगा कोलकाता रेप केस का सच

- आरोपियों का 'पॉलीग्राफ टेस्ट' शुरू, सीबीआई ने बढ़ाया जांच का दायरा

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर केस में पॉलीग्राफ टेस्ट शनिवार को शुरू हो गया। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर केस में मुख्य आरोपी समेत छह अन्य का पॉलीग्राफ टेस्ट होना है। इस टेस्ट के दौरान व्यक्ति द्वारा सवालों के जवाब दिए जाते समय एक मशीन की मदद से उसकी शारीरिक प्रतिक्रियाओं को मापा जाता है। इससे यह पता लगाया जाता है कि वह सच बोल रहा है या झूठ। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य आरोपी संजय रॉय का 'पॉलीग्राफ टेस्ट' उस जेल में ही किया जाएगा जहां वह बंद है।

# बहुत हुआ अंग्रेजी लिबास, अब तो लाओ देसी पोशाक

- दीक्षांत समारोहों में ड्रेस कोड पर मोदी सरकार का निर्देश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने एम्स समेत अन्य शीर्ष संस्थानों को दीक्षांत समारोहों में भारतीय परिधान अपनाने को कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को एम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों सहित केंद्र सरकार द्वारा संचालित सभी चिकित्सा शिक्षण संस्थानों को निर्देश जारी किया है कि वे अपने दीक्षांत समारोहों में ब्रिटिश काल से चले आ रहे काली टोपी और काले लिबास का उपयोग न करें। माना जा रहा है कि मंत्रालय द्वारा उठाया गया यह कदम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रेखांकित 'पंच प्रण' संकल्पों के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य ब्रिटिश काल से जुड़ी विरासत को छोड़ना और उनकी जगह भारतीय परंपराओं को अपनाना है। 23 अगस्त को लिखे पत्र में मंत्रालय ने कहा है कि दीक्षांत समारोह के दौरान काली टोपी और काले लिबास पहनने की मौजूदा प्रथा ब्रिटिश काल में भारत में भी शुरू की गई थी, जो मध्य युग के दौरान यूरोप से आई है।

# माले कार्यकर्ताओ ने सोनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर मे किया धरना-प्रदर्शन



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** भाजपा वाले के बैनर तले पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सोनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में हक दो वादा निभा? अभियान के तहत एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया. इस धरना प्रदर्शन के अध्यक्षता राजेश्वर प्रसाद राय ने करते हुए उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए शुक्रवार को कहाँ कि वादा के मुताबिक सभी भूमिहीन गरीबों को 5-5 डिसमिल जमीन सरकार दे साथ ही उनके रहने के लिए पक्का मकान बनाये और दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने, आय प्रमाण पत्र की अनिवार्यता समाप्त करने, पशुपालन को लघु उद्यमी योजना में शामिल करने, सभी विधवा,वृद्ध,विकलांग पेंशनधारियों को तीन-तीन हजार रुपए पेंशन देने और सरकारी भूमि पर बसे गरीब भूमिहिन परिवारों को वसकित पर्चा देने, पहलेजा घाट से हरिहरनाथ मंदिर तक सड़क मार्ग को पीचिंग कराने और रिंग बाँध निर्माण कराने की मांग से संबंधित एक ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी को सौंपा। माले प्रखंड सचिव जगु प्रसाद राय ने कहा कि गरीबों की टैक्स से सरकारी खजाना बना रही मोदी सरकार कारपोरेट घरानों पर खजाना लूटा रही है। पूंजीपतियों के कर्ज माफ किए जा रहे हैं और इनके टैक्स में छूट दी जा रही है। लेकिन, किसान-मजदूर कर्ज की जाल में फंसकर आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं का कर्ज माफ नहीं किया जा रहा है। सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण से डबल इंजन सरकार की विकास के नकली दावे की असलियत सामने आ गई है। आबादी का 34 प्रतिशत 95 लाख परिवार 6000 मासिक आय से भी कम पर जिंदा है। देश का औसत प्रति परिवार आमदनी सालाना 04 लाख 95 हजार है, जबकि बिहार का प्रति परिवार सालाना आय 54 हजार है। उन्होंने इस विसंगति को दूर कर गरीबों के विकास में बेहतर योजना बनाने की मांग की। धरना-प्रदर्शन सभा को माले जिला कमेटी सचिव सभा राय, विजय कुमार सिंह, मधुसूदन कुमार, सुरेन्द्र बैठा सहित अन्य नेताओं ने संबोधित करते हुए हक दो वादा निभाओ अभियान को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया।

## होटल मे छापेमारी कर पुलिस ने एक सौ चौरासी लीटर देशी शराब किया बरामद

**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के विशुनपुर पीपराही गांव मे एक होटल मे छापेमारी कर अमनौर पुलिस ने एक सौ चौरासी लीटर देशी शराब बरामद किया. हालांकि छापेमारी के दौरान धंधेबाज पुलिस को देखते ही फरार हो गया. अमनौर पुलिस ने बताया कि अमनौर थाने के एसआई महम्मद अख्बतर खान तथा सअनि नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के विशुनपुर पीपराही गांव मे गुड्डू राय के होटल से तेइस पॉलिथीन मे रखे आठ आठ लीटर देशी शराब बरामद किया गया।धंधेबाज पुलिस को देखते ही फरार हो गया. इस मामले में धंधेबाज गुड्डू राय के बिरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही हैश्ााना क्षेत्र के विशुनपुर पीपराही गांव मे एक होटल मे छापेमारी कर अमनौर पुलिस ने एक सौ चौरासी लीटर देशी शराब बरामद किया. हालांकि छापेमारी के दौरान धंधेबाज पुलिस को देखते ही फरार हो गया. अमनौर पुलिस ने बताया कि अमनौर थाने के एसआई महम्मद अख्बतर खान तथा सअनि नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के विशुनपुर पीपराही गांव मे गुड्डू राय के होटल से तेइस पॉलिथीन मे रखे आठ आठ लीटर देशी शराब बरामद किया गया।धंधेबाज पुलिस को देखते ही फरार हो गया. इस मामले में धंधेबाज गुड्डू राय के बिरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## मशरक में नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर।** मशरक के बीके नर्सिंग होम एंड एमरजैंसी सेंटर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें 100 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य चेकअप किया गया. जिसमें एलएफटी,एचबी,इसीजी, आरबीएस ,बीपी आदि का जांच किया गया इस अवसर पर बीके नर्सिंग होम में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ एसके सिंह के चेम्बर का उद्घाटन हुआ. उद्घाटन पूर्व प्रधानाध्यापक रामजीवन सिंह जीवन ने किया. इस अवशर पर डॉ कुमार प्रमोद ने बताया कि उनके क्लीनिक में बराबर इस तरह के शिविर का आयोजन किया जाता है. जिसमें लोगों का निशुल्क जांच तथा उपचार के उप्रांत में दवाइयां भी निशुल्क दी जाती हैं. मौके पर डॉ प्रभुनाथ राम राम बाबू सिंह पूर्व प्राचार्य रामबाबू सिंह पर्ब प्रधानाध्यापक मुखदेव सिंह, अरुण सिंह सहित कई गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

## दिघवारा पुलिस के तत्वाधान में क्विज प्रतियोगिता आयोजित

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 30 प्रतिभागियों को प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा।** सारण एसपी कुमार आशीष के निर्देश पर शनिवार को नगर क्षेत्र के जयगोविंद उच्च विद्यालय में दिघवारा पुलिस के तत्वाधान में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नवम वर्ग एवं दशम वर्ग के लगभग 60 प्रतिभागी स्कूली छात्र शामिल हुए।इन प्रतिभागियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता से क्विज के सभी प्रश्नों को हल कर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।बाद में निर्णायक मंडल द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 30 प्रतिभागियों को सोनपुर के पुलिस निरीक्षक इंद्रजीत कुमार व थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया।अपने संबोधन में इंस्पेक्टर श्री कुमार ने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक सोच रखने से ही तरक्की संभव है।उन्होंने सभी विद्यार्थियों को मनोयोग से पढ़ने की बात कही।थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में पढ़ाई के महत्व को रेखांकित किया और अपने स्कूली जीवन की



चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य केंद्रित करते हुए पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार के अलावा सबइंस्पेक्टर राजू सिंह,पीएसआई लवली कुमारी, राजकुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार समेत स्कूल के प्रधानाध्यापक हरेंद्र प्रसाद सिंह,सोहराब अंसारी, अनुज कुमार अखिलेश प्रसाद, वीर बहादुर, लिपिक अभिषेक वात्स्यायन,सुधाकर सिंह व मनीष कुमार समेत कई कर्मी मौजूद थे।

# डुमरी पंचायत में भूमि सर्वेक्षण में जागरूकता और सहयोग के लिए ग्रामसभा आयोजित




**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के डुमरी पंचायत भवन पर शनिवार को भूमि सर्वेक्षण कार्य में जागरूकता एवं सहयोग के उद्देश्य से ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सहायक बंदोबस्ती पदाधिकारी दीपक कुमार एवं कानूनगों प्रेमचंद व राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से भूमि सर्वेक्षण कार्य से सम्बंधित जानकारियां लोगों के बीच साझा की तथा आम लोगों को भूमि सर्वेक्षण के तहत सर्वे में लगने वाले आवश्यक कागजात जैसे जमीन के डीड (दस्तावेज), खतियान, जमीन का लगान रसीद, पर्ची, पट्टा, वंशावली, मृतक रैयत के वंशज को उनका मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड व अन्य आवश्यक दस्तावेज आदि की छायाप्रति कॉपी प्रपत्र-2 में भर कर ग्रामीणों व रैयतों को देने के लिए विस्तार से बताया गया। इस प्रकिया के पूर्ण होने के बाद जमीन सर्वे के समय अमीन धरातल पर जा कर जमीन की स्थल व मेड की जांच करेंगे। इस दौरान सहायक बन्दोबस्ती पदाधिकारी दीपक कुमार ने लोगों से अपील किया कि सभी रैयत अपने कर्तव्य और जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए सर्वे कार्य को पूरा कराने में सहयोग करें। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कू, शिविर प्रभारी दीपक कुमार, कानूनगों प्रेमचंद, राजेश कुमार, अमीन संटू कुमार समेत सभी राजस्व ग्राम के अमीन, बीडीसी प्रतिनिधि विश्वकर्मा शर्मा, समेत सभी वार्ड सदस्य समेत सैकड़ों ग्रामीण ग्रामसभा में उपस्थित थे।



## आतानगर में गहमा गहमी के बीच हुई भूमि सर्वे की आम सभा

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड के आतानगर पंचायत भवन पर शनिवार को भारी संख्या में उपस्थित रैयतों के गहमागहमी के बीच भूमि सर्वे से सबंधित आम सभा की बैठक संपन्न हुई। सहायक बंदोबस्त अंकेक्षण पदाधिकारी संजय भारती तथा राजस्व गांवों से संबंधित अमीनों द्वारा भूमि सर्वे से संबंधित जानकारियां दी गईं । साथ ही विभिन्न प्रपत्रों के भरे जाने तथा तथा उपलब्ध कराए जाने वाले कागजातों के बारे में भी बताया गया। मौजे के अमीनों के द्वारा भी रैयतों और भूमिधारियों को सर्वेक्षण कार्य में आने वाले फॉर्म भरने के संबंधित सारी जानकारी बारिकी से दी गई। वहीं उपस्थित लोगों की समस्याएं भी सुनी गईं। बताया गया कि प्रपत्र 2 रैयतों संबंधित विवरणी तथा प्रपत्र 3 वंशावली का फॉर्म भरकर जमा करना है। इस मौके पर शिविर में प्रति नियुक्त कर्मियों के अलावे मुखिया प्रतिनिधि पूर्व प्रमुख हरेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, डॉक्टर राम प्रमोद सिंह, मंजूर आलम, रामदास राम, मुन्ना राय, उप मुखिया मदन सिंह, स्थानीय सरपंच, वार्ड सदस्य तथा अन्य थे।

# नये भूमि सर्वेक्षण को लेकर जहांगीरपुर पंचायत मे शिविर लगाकर दी गई कई जानकारियां

### नये भूमि सर्वेक्षण को लेकर भरपुरा, दुधैला मे 27 अगस्त चतुरपुर, सैदपुर मे 28 अगस्त को शिविर होगी आयोजित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के अंतर्गत जहाँगीरपुर पंचायत भवन परिसर में लोगों को न्यू भूमि सर्वे से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने के उदेश्य से जागरूकता शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमे भू स्वामियों को भूमि सर्वे से संबंधित कागजात एकत्रित करने व स्व प्रमाणित वंशवली सहित अन्य महत्वपूर्ण भूमि व भूमि से संबंधित कागजात एकत्रित करने के लेकर विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी दीपू कुमार गुप्ता ने कहा कि रैयतों को स्वघोषणा का प्रपत्र 2 तथा वंशावली प्रपत्र-3 (1) के साथ आवेदन देना है। उन्होंने पिछले सर्वे तथा न्यू सर्वे के बारे मे विस्तार पूर्वक जनकारी ग्रामीणों को दीउन्होंने कहाँ कि इस सर्वे में जमीन मालिक को अपनी जमीन से संबंधित कागजात पेश करना होगा, जिसके आधार पर नया खतियान, नक्शा तैयार किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील किया कि भूमि सर्वेक्षण में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले. भूमि संबंधित कई विवाद उत्पन्न नहीं हो इसके लेकर आपसी सहमति से समझौता करने की अपील की. उन्होंने कहा कि भरपुरा पंचायत भवन परिसर में 27.8.24 को 10 :30 बजे जबकि दुधैला पंचायत मे 1 बजे से शिविर लगाई जाएगी जबकि चतुरपुर मे 28824 को पूर्वाह्न 10:30 बजे और सैदपुर मे 1 बजे दिन मे शिविर लगाई जायेगी. विशेष सर्वेक्षण काननूगो संदीप कुमार मिश्रा ने भूमी सर्वेक्षण की प्रक्रिया के बारे में बिस्तार से जनकारी देते हुए कहाँ कि भू स्वामी अपने जमीन का खाता,खेसरा,रकवा, चौहद्दी समेत प्रपत्र भरकर और अपने आधार कार्ड,मोबाइल नंबर के साथ भूमि से संबंधित दास्तांवेज,भूमिबटवारा,खतियान,भूमि लगान सहित महत्वपूर्ण कागजात को प्रपत्र दो एवं प्रपत्र 3 भरकर निदेशालय के वेबसाइट पर ऑनलाइन या ऑफ लाइन आवेदन कर सकते हैं। शहर,नगर पंचायत, टोपोलैंड भूमि का सर्वेक्षण विभागीय आदेश मिलने के बाद किया जायेगा अभी वर्तमान समय मे ग्रामीण क्षेत्रो मे न्यू सर्वेक्षण का काम हो रहा हैं जो तिथि व पंचायत वार शिविर लगाकर न्यू भूमि सर्वेक्षण संबंधित जनकारी लोगो को दी जा रही हैंउन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहाँ कि अपने अपने पंचायत वासियो के न्यू भूमि सर्वेक्षण कार्य मे सहयोग व मार्गदर्शन दे जिससे भू स्वामियों को कठिनाई नहीं हो.इस मौके पर सर्वेक्षण टीम के अमीन रिशु राकेश,गौरव कुमार,सोनू कुमार,साजन कुमार, गजेंद्र कुमार, प्रिंस कुमार, राहुल कुमार, आयुष, देवराज, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व भू स्वामी उपस्थित थे।



## पति ने पत्नी को चाकू मार कर किया घायल, रेफर

**इसुआपुर(सारण)।** सीमावर्ती सहाजितपुर थाना क्षेत्र के मरीचा गांव में पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद गुस्साए पति ने अपनी पत्नी रीमा कुमारी पर चाकू से कई जगह प्रहार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। पड़ोसियों के द्वारा घायलावस्था में पत्नी रीमा कुमारी को इलाज के लिए सीएचसी इसुआपुर लाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।

## भूमि सर्वेक्षण को लेकर हुआ ग्राम सभा आयोजित

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर।** प्रखंड क्षेत्र के पीरौट पंचायत के पंचायत भवन परिसर में मुखिया मुकेश साह की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया इस ग्राम सभा में पंचायत के सभी वार्ड सदस्य और उस गांव के रैयत भूमि सर्वे किस तरह से होगा उसमें रैयत को कौन कौन सी कागजात देनी होगी जिस पर सर्वे टीम ने बहुत ही विस्तृत रूप से परिचर्चा की साथ ही रैयत भी अपनी अपनी बात रखी है जिसमें मुख्य रूप से कानूनगो ने कहा कि विशेष जमीन सर्वे के तहत सर्वे में लगने वाले कागजात जैसे दस्तावेज, खतीयान, वंशावली, जमीन का रशीद, पर्ची, पट्टा आदि का फोटो कॉपी फॉर्म प्रपत्र टू भर कर रैयतों को देने के लिए बताया गया उसके बाद जमीन सर्वे के समय अमीन धरातल पर पहुंचकर कर भौतिक सत्यापन भी करेंगे वही मुखिया मुकेश साह ने कहा कि जिसकी पुश्तैनी जमीन परदादा के नाम पर जमाबंदी चली आ रही है परदादा की मृत्यु 70 वर्ष पूर्व हो गई उस वक्त का मृत्यु प्रमाण पत्र और समय तिथि कैसे फॉर्म में अंकित किया जायेगा वही दूसरी बात उन्होंने कहा कि रैयत अपनी जमीन अपनी जोत में रखे हुए है लेकिन उसके पास कोई कागजात नहीं है यहां तक कि प्लॉट नंबर तक पता नहीं है वैसी स्थिति का क्या निदान है इस सभा में ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

## अजीतपुर में 24 घंटे का अखंड अष्टयाम शुरू

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** इसुआपुर बाजार से सटे उत्तर अचितपुर गांव के ब्रह्मस्थान पर हर हर महादेव कांवरिया संघ अचीतपुर के द्वारा 24 घंटे के अखंड अष्टयाम का शुरुआत शनिवार को किया गया. अखंड अष्टयाम में पंडित मिथिलेश चौबे ,अनिल तिवारी तथा अशोक दुबे के मन्त्रोच्चारण से वातावरण भक्तिमय हो गया. इस यज्ञ के सफल समापन के लिए यजमान के रूप में हरेंद्र चौरसिया तथा उनकी पत्नी अनीता देवी ने यज्ञ का संकल्प लिया. इसके पूर्व हजारों पुरुषों एवं महिलाओं ने हाथों में कलश लिए बाबा लाल दास मठिया पहुंची जहां से जल भरी कर हाथी घोड़े गाजे बाजे के साथ एक जुलूस के रूप में यज्ञ स्थल पहुंचीज़हां पवित्र जल से यज्ञ का शुरूआत किया गया. जुलूस का नेतृत्व रंजीत प्रसाद, प्रिंस सिंह, संजय सिंह, शिवकुमार भगत, मुकेश चौरसिया, रंजीत चौरसिया, प्रेम कुमार, जितेंद्र कुमार, साधु जी ,कृष्णा महतो,भृगु चौरसिया, शत्रुघ्न चौरसिया, विशेश्वर चौरसिया,श्याम प्रसाद, पप्पू चौरसिया आदि ने किया।

## अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने बाइक सवार दुकानदार को मारी टक्कर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के लखनपुर मंदिर के पास अनियंत्रित स्क्रारपियो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसमें घायल बाइक सवार को थाना पुलिस ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया। घायल पानापुर थाना क्षेत्र के धनौती गांव निवासी झुन्ना कुमार उम्र 25 वर्ष पिता महंथ राय हैं। घटना के बारे में घायल ने बताया कि उनकी गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के राजा पट्टी कोठी पर अपने किसन रेडिमेड सेंटर से बाइक पर सवार होकर मशरक के रास्ते घर लौट रहे थे कि रास्ते में अनियंत्रित स्क्रारपियो ने टक्कर मार दी।

## चोरी के समान के साथ एक युवक को नयागांव पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नायगांव पुलिस ने थाना क्षेत्र के वहैरवागाछी मे छपामारी कर एक चोर को गिरफ्तार कर लिया। इस बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने शनिवार को बताया कि अभियुक्त बहैरवागाछी के भिखारी महतो के पुत्र विकास कुमार है. अभियुक्त अपने ही गांव के पड़ोसी के घर में घुसकर घर मे रखे जेवरत व रुपया चुरा कर फरार हो गया था. पीड़ित ने थाना मे चोरी कि घटना के लेकर आवेदन एक सप्ताह पहले दिया था. गिरफ्तार युवक के पास से चोरी की गई सोने के कान के झुमका, 2 सोने की अंगूठी,1 सोने की चेन, 1 मंगलसूत्र, नगद ?10000 बरामद किया गया है।

## किसान सम्मान समारोह आयोजित, दस छात्राओं को भी 25-25 सौ का स्कॉलरशिप प्रदान कर किया गया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/किशनगंज।** बालिका उच्च विद्यालय ठाकुरगंज में कृषि कंपनी वायोस्टेट इंडिया लिमिटेड द्वारा किसान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 10 छात्राओं के मदद के लिए बायो स्टेट इंडिया कंपनी ने हाथ बढ़ाया। कंपनी ने दस छात्राओं को 25-25 सौ का स्कॉलरशिप प्रदान कर सम्मानित किया गया द्य कंपनी के सौजन्य से कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जानकारी दी गई।जिसमे मुख्य रूप से वायोजाइम के बारे में चाय एवं अन्य फसलों के किसानो को जानकारी दी गई द्य इस दौरान कंपनी अधिकारी ने बताया कि भारत की कृषि जगत की अग्रसर कंपनी बायो स्टेट प्रगति की ओर निहित है। ग्रामीण अंचल क्षेत्र में हर बच्चे का सपना होता है कि वह पढ़ लिखकर आगे बढ़े और अपने भविष्य को संभाले। लेकिन कभी-कभी ग्रामीण अंचल क्षेत्र में मेधावी छात्र भी आर्थिक समस्याओं के कारण आगे नहीं बढ़ पाते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए कई वर्षों से कृषि प्रगति बायो स्टेट कंपनी मेधावी छात्र-छात्राओं को लगातार स्कॉलरसिप देकर सम्मानित कर रही है द्य वही कार्यक्रम के दौरान कंपनी के पदाधिकारी निरंजन श्रीवास्तव,मार्केटिंग मैनेजर राजदीप घोष,शिक्षक मो॰ महफूज जावेद, शशांक शेखर, टिंकू कुमारी, सुनील कुमार सहित कई किसान मौजूद रहे ।

## छापेमारी : एक अवैध बालू लदे ट्रक सहित पांच ट्रैक्टर जब्त

**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में खनन विभाग के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर सघन छापेमारी आभियान चलाया गया. जिसमें एक अवैध बालू लदे ट्रक सहित पांच ट्रैक्टर को जब्त किया गया. हालांकि इस कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर चालक वहां से भागने में कामयाब हो गया. वहीं प्रशासन की इस कार्रवाई से बालू तस्करों में हड़कंप मच गया है. बताया गया कि शनिवार को खनन पदाधिकारी अंजनी कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर अमनौर थाना क्षेत्र में अवैध बालू के विरुद्ध छापेमारी किया गया जिसमें ग्यासपुर,रायपुरा- मढौरा रोड के पास एक अवैध बालू लदा बारह चक्का ट्रक तथा चार ट्रैक्टर जप्त किया गया. जांच हेतू रोका गया तो गाड़ी से कूदकर चालक फरार होने में कामयाब रहा. खनन पदाधिकारी नें सभी जप्त गाड़ियो को थाना को सुपुर्द कर दिया .वही अवैध बालू कारोबारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी।

## मोबाइल लूटने मामले में चार गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/ सिवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के अभुई में 22 अगस्त की रात चाकू के बल पर एक युवक से मोबाइल, ब्लू टूथ लूटने मामले में पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के अभुई निवासी सुदर्शन महतो के पुत्र अजीत कुमार 22 अगस्त की रात करीब साढ़े नौ बजे अपने पुराने घर से भोजन करने के बाद नए घर में सोने के लिए जा रहा था। तभी एक बाइक पर सवार चार बदमाशों ने चाकू का भय दिखाकर मोबाइल एवं ब्लू टूथ लूट कर पूरब दिशा की तरफ फरार हो गए। इस मामले में अजीत कुमार के बयान पर थाना में प्राथमिकी कराई गई थी।

# छपरा के नुक्कड़ों पर जनगीतों की प्रस्तुति से रविवार को होगा इप्टा के 'लोक रंग उत्सव' का आगाज

**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** भारतीय जननाट्य संघ (इप्टा) छपरा द्वारा कविवर कन्हैया जन्मशती वर्ष पर इप्टा के 81वें स्थापना साल के उपलक्ष्य पर 01 सितम्बर को शाम 6 बजे से शहर के गर्ल्स स्कूल परिसर स्थित भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह में आयोजित ''लोक रंग उत्सव'' की शुरुआत आज रविवार को ''आगाजः जनगीतों की रंगभूमि प्रस्तुति'' से हो रहा है। रविवार 25 अगस्त को शाम पाँच बजे से नगरपालिका चौक, छपरा कचहरी स्टेशन और थाना चौक पर छपरा इप्टा के कलाकार गीत संगीत की नुक्कड़ प्रस्तुति देंगें।

''लोक रंग उत्सव'' का मुख्य आकर्षण इप्टा की नवीनतम नाट्य प्रस्तुति ''नौटंकी ऊर्फ कमलनाथ मजदूर'' है जो छपरा के रंगकर्म में मील का पत्थर साबित होगी। ये जानकारी सचिव डॉ0 अमित रंजन ने दी। उन्होंने बताया कि विशुद्ध नौटंकी और विदेशिया शैली के सम्मिश्रण से नौटंकी ऊर्फ कमलनाथ मजदूर को डिजाईन किया गया है। करीब 34 वर्ष पूर्व बिहार के वरिष्ठ



रंगकर्मी फिल्मकार बिपिन बिहारी श्रीवास्तव लिखित और निर्देशित इस नाटक पर सालों पहले फिल्म अपना गऊवां मे हमरो परान बसेला का निर्माण हो चुका है जिसकी निर्मात्री भवानी मीरा और डॉ0 विजया रानी सिंह और निर्देशक अमित रंजन हैं। नाटक की मूल समस्या बिहारी मजदूरों का रोटी रोजगार के लिए पलायन है जिसमें गाँव से लेकर परदेश तक उनका शोषण है।सचिव ने बताया कि 'नौटंकी ऊर्फ कमलनाथ मजदूर' के लेखक निर्देशक बिपिन बिहारी श्रीवास्तव हैं जबकि संगीत कंचन बाला, नृत्य कुमारी अनिशा और रंग परिकल्पना डॉ0 अमित रंजन की है। नाटक में मुख्य भूमिकाओं में बिपिन बिहारी श्रीवास्तव, प्रो0 (डॉ0) लालबाबू यादव, सुरेन्द्रनाथ त्रिपाठी, डॉ0 अमित रंजन, शैलेन्द्र कुमार शाही, कंचन बाला, प्रियंका कुमारी, विनय कुमार, रंजीत गिरि, रंजीत भोजपुरिया, लक्ष्मी कुमारी, शेखर सुमन, कुमारी अनिशा, कुमारी प्रियंका, शिवांगी सिंह, अमितेश, जय प्रकाश माँझी, जीतेन्द्र कुमार राम, कुमार गौरव, युवराज किशन, अनिल कुमार आदि हैं। सचिव ने बताया कि कविवर कन्हैया जयंती वर्ष पर इप्टा के 81 वें साल के उपलक्ष्य में 01 सितम्बर को लोक रंग उत्सव का आयोजन इप्टा की छपरा इकाई द्वारा किया गया है जिसमें नाटक नौटंकी सहित संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियाँ छपरा इप्टा के कलाकार करेंगे जिसमें एकमा इप्टा द्वारा सोनम मिश्रा के निर्देशन में लोकनृत्य की प्रस्तुति की जाएगी।इसी कड़ी में रविवार 25 अगस्त को शाम 5 बजे से नगरपालिका चौक, छपरा कचहरी स्टेशन और थाना चौक पर ''आगाजः जनगीतों की रंगभूमि प्रस्तुति'' नुक्कड़ कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी।

# सदर प्रखंड के चिरांद पंचायत में भूमि सर्वे कार्य के लिए जागरूकता शिविर आयोजित

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)** सदर प्रखंड के चिरांद पंचायत भवन में भूमि सर्वे कार्य के लिए शनिवार को शिविर का आयोजन किया गया। लोगों को जानकारी देते हुए कानून गो विशाल मोर्या ने बताया कि भूमि सर्वेक्षण एक तकनीक, पेशा और विज्ञान है जिसमें बिंदुओं की स्थलीय या त्रि-आयामी स्थिति और उनके बीच की दूरी और कोण को सटीक रूप से निर्धारित किया जाता है, जिसका अभ्यास आमतौर पर लाइसेंस प्राप्त अमीन,सर्वेक्षणकर्ताओं द्वारा किया जाता है। ये बिंदु आमतौर पर पृथ्वी की सतह पर होते हैं, और इनका उपयोग अक्सर भूमी स्वामित्व, स्थानों (इमारत के कोने, उपसतह सुविधाओं की सतही स्थिति) या अन्य सरकारी भूमि मानचित्र और सीमाएँ स्थापित करने के लिए किया जाता है।

**इस प्रकार से किये जायेगे बिहार भूमि सर्वे :** बिहार भूमि सर्वे के लिए विभाग के तरफ से शिविर लगाये जायेगे जिसके माध्यम से बिहार में अलग-अलग जिलो में जमीन का सर्वे किये जायेगे, इसके साथ ही बंदोबस्त कार्यालय के माध्यम से भी बिहार भूमि सर्वे से जुड़े काम किये जायेगे।किस्तवार एवं खानापूरी के समय रैयत को यथासंभव जमीन पर उपस्थित रहना चाहिए।जरूरत पड़ने पर सरजमीन पर भी घूमकर अपनी जमीन की चौहद्दी बताना चाहिए। अपनी जमीन की मेड़ को ठीक-ठाक बना दे और उसे सीमांकित कर ले। जमीन का विवरण चौहद्दी के साथ प्रपत्र-2 में खेसरावार भरकर शिविर में जमा कर दे।स्व-घोषणा (प्रपत्र-2) के साथ जमाबंदी संख्या की विवरणी/ मालगुजारी रसीद की छायाप्रति (यदि उपलब्ध हो तो), खतियान की नकल (यदि उपलब्ध हो तो), मृत जमाबंदी रैयत की मृत्यु की तिथि/मृत्यु का प्रमाण पत्र की छायाप्रति,आवेदन या हित अर्जन करनेवाले का मृतक का वारिस होने का प्रमाण,सक्षम न्यायालय का आदेश हो , तो उसकी सच्ची प्रति, रैयत अपनी वंशावली प्रपत्र 3 (क्र) में भरकर संलग्न कागजात के साथ शिविर में जमा करेगे।प्रपत्र -7 एवं ख्रघ्ख्र. मिलने के बाद ठीक से जाँच कर ले , गलत होने पर प्रपत्र-8 में आपत्ति दे। सुनवाई के दौरान ससमय उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे।प्रारूप अधिकार अभिलेख/ मानचित्र की जाँच कर ले, गलती हो तो प्रपत्र-14 में आपत्ति दायर करे।अंतिम रूप से तैयार अधिकार-अधिलेख एवं मानचित्र का अवलोकन कर ले, गलत हो तो प्रपत्र-21 में आपत्ति दे।अधिकार अभिलेख (खतियान) की एक प्रति शिविर या बंदोबस्त कार्यालय से अवश्य प्राप्त कर लें।उक्त अवसर पर चिरान्द के सरपंच अजय माझी ,मुखिया प्रतिनिधि मनीष कुमार,उप मुखिया संतोष राय, उपाख्य लकरी, पंचायत समिति सदस्य चन्द्रदीप राय,शिक्षक अवधेश सिंह,राशेश्वर सिंह,मनोज कुमार तिवारी, मुकेश सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## भूमि सर्वेक्षण को लेकर हुआ ग्राम सभा आयोजित



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के हरिहरपुर पंचायत के पंचायत भवन परिसर में मुखिया उपेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस ग्राम सभा में पंचायत के सभी वार्ड सदस्य और उस गांव के रैयत भूमि सर्वे किस तरह से होगा उसमें रैयत को कौन कौन सी कागजात देनी होगी। जिस पर सर्वे टीम ने बहुत ही विस्तृत रूप से परिचर्चा की। साथ ही रैयत भी अपनी अपनी बात रखी है। जिसमें मुख्य रूप से कानूनगो ने कहा कि विशेष जमीन सर्वे के तहत सर्वे में लगने वाले कागजात जैसे दस्तावेज, खतीयान, वंशावली, जमीन का रशीद, पर्ची, पट्टा आदि का फोटो कॉपी फॉर्म प्रपत्र टू भर कर रैयतों को देने के लिए बताया गया। उसके बाद जमीन सर्वे के समय अमीन धरातल पर पहुंचकर कर भौतिक सत्यापन भी करेंगे। वही मुखिया उपेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जिसकी पुश्तैनी जमीन परदादा के नाम पर जमाबंदी चली आ रही है। परदादा की मृत्यु 70 वर्ष पूर्व हो गई उस वक्त का मृत्यु प्रमाण पत्र और समय तिथि कैसे फॉर्म में अंकित किया जायेगा। वही दूसरी बात उन्होंने कहा कि रैयत अपनी जमीन अपनी जोत में रखे हुए है। लेकिन उसके पास कोई कागजात नहीं है। यहां तक कि प्लॉट नंबर तक पता नहीं है वैसी स्थिति का क्या निदान है। इस सभा में ग्रामीण, अशोक सिंह,, मनोकामना सिंह, सन्त कुमार सिंह, कामख्या सिंह, अंबिका सिंह, बिजली सिंह ,पूर्व सरपंच उमेश सिंह,वर्तमान सरपंच राम अयोध्या राय , मंजेय पंडित तथा सोनू ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

## मढ़ौरा अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय का उद्घाटन आज

**दैनिक खोज खबर मढ़ौरा (सारण)।** आम जनों के लिए वर्षो से प्रतीक्षारत मढ़ौरा अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय का उद्घाटन 25 अगस्त को होगा। इसके लिए छपरा जिला कोर्ट के सत्र न्यायाधीश ने प्रदीप चंद्र को मढ़ौरा अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय का अवर न्यायधीश एवं बादल गुप्ता को मुंसिफ जज नियुक्त किया है। मढ़ौरा अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय का उद्घाटन छपरा कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनिल कुमार सिंहा करेगें। बता दें कि मढ़ौरा अनुमंडल की स्थापना 1 अप्रैल 1991 को तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव द्वारा किया गया था। तब से तीन दशक बीत जाने के बाद अनुमंडल कार्यालय भवन में न्यायालय का कार्य शुरू होने जा रहा है। अभी भी न्यायालय का अपना भवन निर्माण कार्य शुरू भी नहीं हो पाया है, जबकि मढ़ौरा प्रस्तावित अनुमंडलीय जेल निर्माण का कार्य अधर में लटका हुआ है। न्यायालय के लिए मढ़ौरा कृषि फार्म हाउस की जमीन तो जेल के लिए रेल कारखाना के समीप ताल पुरैना चंवर का जमीन चिंहित किया गया है। न्यायालय और जेल का अपना भवन निर्माण हो जाने पर न्यायिक कार्यों के निष्पादन में सहूलियत मिलेगी। हालांकी मढ़ौरा अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय खुल जाने से स्थानीय लोगों को अभी से ही न्यायिक कार्यों की निपटान के लिए भागदौड़ कम हो जायेगी और सहूलियत मिलेगी। उद्घाटन की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन के निर्देशन में अनुमंडल पदाधिकारी डॉ प्रेरणा सिंह द्वारा सज सज्जा से लेकर अन्य जरूरी सुविधाएं तेजी से पूरी कराई जा रही है।

## दो बाइकें आपस में टक्कराई, तीन सवार घायल

**एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र में स्थित मांझी-बरौली सड़क एसएच-96 पर गंजपर गांव के समीप दो बाइकों के अचानक अनियंत्रित होकर टक्करा जाने से तीन सवार व्यक्ति घायल हो गये। बताया जाता है कि बाइक सवार तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कराया गया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरजीत सिंह के अनुसार तीनों घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है।

## विद्यालय में कृष्ण जन्माष्टमी पर राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शहर के दर्शन नगर में अवस्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी पर राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम के पूर्व विद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति के सचिव सुरेश प्रसाद सिंह, प्रभारी प्रधानाचार्य अशोक पुरी, आचार्य सचिंद्र उपाध्याय, अनिल कुमार आजाद, राजेश कुमार, गीतांजलि कुमारी,इंदु कुमारी, राजेश पाठक, मणि भूषण, दर्शना सिंह अन्य आचार्य बंधु भगिनी ने विधिवत पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने भैया बहनो ने राधा कृष्ण के रूप में सज - धज कर विद्यालय पहुंचे। जहां एक से बढ़कर एक रूप - सज्जा प्रतियोगिता में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मनमोहक कला एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। विभिन्न वक्ताओं ने राधा कृष्ण रूप - सज्जा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राधा को महालक्ष्मी का पूर्ण अवतार माना जाता है ।ऐसा माना जाता है कि कृष्णा दुनिया को मोहित करते हैं लेकिन राधा उन्हें भी मोहित करती है। इसलिए वह सभी की सर्वोच्च देवी है । बच्चों को भगवान रूप कृष्ण के बताएं मार्गों पर चलने की आवश्यकता है जिससे हमारा मानव जीवन सफल एवं उत्कृष्ट हो सके । इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सार्थक शेखर कक्षा उदय, द्वितीय स्थान अनन्या सिंह कक्षा उदय, तृतीय स्थान अविकल्प शर्मा कक्षा अरुण को प्राप्त हुआ । इस प्रतियोगिता का समापन विद्यालय के आचार्य अनिल कुमार आजाद के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।



## जन्माष्टमी और चेहल्लूम को लेकर मकेर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**दैनिक खोज खबर/मकेर (सारण)।** मकेर थाना परिसर में शनि बार को चेहल्लूम और जन्माष्टमी को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता और संचालन अपर थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार एवं एसआई राम निवास कुमार एवं पीर मकेर कर्मचारी मृत्युंजय कुमार एवं इस मौके पर अपर थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि पूजा के जुलूस में डीजे नही बजाना है एवं थाना क्षेत्र में 26 अगस्त को होने वाले पर्व पर सामूहिक कार्यक्रम की जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि जन्माष्टमी पर बाघाकोल में सामूहिक कार्यक्रम आयोजित होता है। जबकि चेहल्लूम के मौके पर मकेर कही नही कई कार्यक्रम होता है अपर थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालों से पुलिस पूरी सख्ती से निपटेगी। बैठक में उपस्थित राजद नेता सुनील राय पैक्स अध्यक्ष चंदन कुमार,हेम कुमार, इकबाल आलम , ईरफान आलम, डॉक्टर शीयाराम शर्मा मनीष कुमार मालाकार,रितेश कुमार रविन्द्र राय अखिलेश कुमार,हजरत आलम आदि उपस्थति रहे।

## खेल के विवाद को लेकर चाकूबाजी, तीन पर प्राथमिकी

**मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के माधोपुर में पुराने खेल के विवाद में एक युवक को चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया। जख्मी युवक को रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां युवक का इलाज किया गया है। पुलिस ने बताया कि माधोपुर निवासी मंजय कुमार के लिखित आवेदन पर उसी गांव के रंजन कुमार, रोहित कुमार व धीरज कुमार पर प्राथमिकी के दर्ज की गई है। जख्मी ने बताया है कि वह बाजार से घर लौट रहा था तभी रास्ते में घेरकर आरोपियों ने मारपीट किया। इस दौरान जान मारने की नीयत से चाकू से हमला किया जो उनके सर पर लगा और वह लहूलुहान हो गया। थानाध्यक्ष के अनुसार उक्त मामले में प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जिला एथलेटिक्स मीट की मेजबानी करेगा अमनौर

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** 41वीं जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता आगामी 21 और 22 सितंबर को अमनौर में आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी सारण जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव गजेंद्र कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि एथलेटिक्स संघ के पत्रांक तीन दिनांक 14 अगस्त के अनुसार अमनौर को मेजबानी सौंपी गयी है। स्टुडेंट स्पोर्ट्स क्लब इसका आयोजन करेगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष जिला प्रतियोगिता की मेजबानी अलग-अलग प्रखंड इकाइयों को सौंपी जाती है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए स्टुडेंट क्लब की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अध्यक्ष नवीन पूरी, सचिव ब्रजकिशोर सिंह समेत चमन तिवारी, दिनेश प्रसाद, कमलजीत, अंबिका बाबु, संतोष, निशांत सिंह, पप्पू सिंह, चंद्रकेत जी आदि उपस्थित थे। मौके पर जिला भर से जुटने वाले खिलाडियों के आवासन, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। श्री सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रतियोगिता में अंडर 14 व 16 के बालक तथा बालिका समेत पुरुष और महिला वर्ग के खिलाड़ी विभिन्न प्रतिस्पर्धा में भाग ले सकेंगे। चूंकि नेशनल के लिए ऑन द स्पॉट चयन होगा इसलिए खिलाड़ियों को अपने जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड के साथ आने का निर्देश दिया गया है।

## 12 सौ लीटर अंग्रेजी शराब के साथ चालक समेत चार धंधेबाज गिरफ्तार


**दैनिक खोज खबर/भेल्दी (सारण)।** छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर मोलनापुर के समीप एक पिकअप वैन पर लदे करीब 12 सौ लीटर अंग्रेजी शराब के साथ चालक समेत चार धंधेबाजो को भेल्दी पुलिस व पटना उत्पाद की टीम ने धर दबोचा।पकड़े गए धंधेबाजो में समस्तीपुर जिले के रहीमपुर रंदौली गांव के मोसमीर का पुत्र मोसरफराज मुफस्सिल थाने के मुसापुर गांव के कैलाश ठाकुर का पुत्र धीरज कुमार,दिनेश ठाकुर का पुत्र रजनीश कुमार कल्याणपुर थाने के मुक्तापुर गांव के मेहीलाल पासवान का पुत्र चालक धर्मेन्द्र पासवान शामिल है। भेल्दी थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि पटना उत्पाद की टीम व भेल्दी पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पिकअप वैन पर अंग्रेजी शराब की खेप भेल्दी की ओर जा रही है ।बस क्या था?सूचना मिलते ही संयुक्त छापेमारी में 12 सौ लीटर अंग्रेजी शराब के साथ चालक को पकड़ लिया गया।पिकअप वैन पर लदे अंग्रेजी शराब के आगे -आगे धंधेबाज इनोवा कार से चर रहे थे जो वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ लिए गए।पकड़े गए धंधेबाजो ने अपनी संलिप्तता पुलिस के समीप स्वीकार कर ली।गिरफ्तार सभी धंधेबाज जेल भेज दिए गए। छापेमारी में थानाध्यक्ष संदीप कुमार,पुअनि निरंजन कुमार,एएसआई रिपुजय कुमार शामिल थे।

## सारण जिला कांग्रेस कमिटी ओबीसी के जिलाध्यक्ष बने हरेश राय

**दैनिक खोज खबर/ भेल्दी (सारण)।** अमनौर प्रखण्ड के कोरेया पंचायत के हकमा निवासी हरेश राय को कांग्रेस के ओबीसी जिलाध्यक्ष के पद पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ओबीसी विभाग के चेयरमैन अनुराग चंदन ने मनोनीत किया है।उनके मनोनयन पर उनके पैतृक गांव हकमा में खुशी की लहर है।मनोनयन के बाद हरेश राय ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचना संगठन की मजबूती और ओबीसी के मिले दायित्वो का निर्वहन करना मेरा पहला लक्ष्य होगा।हरेश राय के मनोनयन पर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय सिंह,तरूण तिवारी,मनोज भारद्वाज,महेश्वर दूबे,सुधीर कुमार रिय?रामनारायण यादव,धर्मेन्द्र कुमार धर्म,जयंत कुमार सिंह,केदार नाथ सिंह,सुबोध कुमार जयसवाल,रामस्वरूप राय,नवीन कुमार तन्नू,एजाज खान,पूर्व मुखिया शंभू नाथ द्विवेदी,कोरेया पंचायत के पूर्व बीडीसी वीणा देवी ने उन्हें बधाई दी है।

## जदयू प्रदेश महासचिव बने रणधीर सिंह, समर्थकों में खुशी

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) में बड़े बदलाव किए गए हैं। पुरानी प्रदेश कमेटी को भंग करत हुई नई राज्य कमेटी का गठन हुआ है। जिसमें 115 पदाधिकारी बनाए गए हैं।जेडीयू की नई प्रदेश कमेटी में 10 उपाध्यक्ष, 49 प्रदेश महासचिव, 46 प्रदेश सचिव, 9 प्रवक्ता और एक कोषाध्यक्ष बनाये गये हैं।बीते साल मार्च 2023 में बनाई गई राज्य कमेटी में 251 पदाधिकारी थे। जिसे अब घटाकर 115 कर दिया गया है। जिसमें कई पदाधिकारियों की छुट्टी कर दी गई है।वहीं अब सिर्फ 49 महासचिव बनाये गये हैं। जिसमें राजद छोड़कर जेडीयू में आये पूर्व विधायक रणधीर सिंह को महासचिव बनाया गया है। वे महाराजगंज के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के पुत्र हैं। लोकसभा चुनाव में राजद से टिकट नहीं मिलने के बाद जेडीयू में शामिल हुए थे।जदयू नेता सह पूर्व छपरा विधायक रणधीर सिंह को जदयू के प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनीत होने से जिले भर में कार्यकर्ताओं में खुशी है। इनके मनोनयन पर युवा नेता माही सिंह ने बधाई दी।उन्होंने कहा कि प्रदेश में रणधीर सिंह को पदाधिकारी बनाए जाने पर पार्टी और मजबूत होगी। इनके प्रदेश महासचिव बनाए जाने से सारण से लेकर आसपास के कई जिलों में पार्टी और अधिक मजबूत होगी।महासचिव बनाये जाने पर निरंजन सिंह जदयू नेता, मुकेश सिंह, विक्की सिंह,गोलू सिंह, विजय सिंह,अशोक सिंह पूर्व जिला परिसद,केशव सिंह, पूर्व मुखिया, विवेक सिंह ने हर्ष व्यक्त किया है।



## पंडित श्याम सुंदर मिश्र की पत्नी के निधन समाचार से शोकाकुल हुआ शहर

**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** युवा ब्राह्मण चेतना मंच पूर्व बिहार प्रदेश अध्यक्ष आचार्य पंडित श्याम सुंदर मिश्रा की पत्नी लंबी बीमारी के बाद आज निधन हो गया ।जैसे ही यह खबर छपरा शहर में मालूम हुई तो लोग आर्य नगर कटहरी बाग पहुंचने लगे। हजारों हजारों की संख्या में अंतिम दर्शन के लिए लोग पहुंचे मृत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा में महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता, मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं सुभाष पांडे जिला अध्यक्ष पंअरुण पुरोहित, परशुराम रक्षा वाहिनी बिहार प्रदेश अध्यक्ष पं रंगनाथ तिवारी, कोर कमेटी के सदस्य विमलेश तिवारी उर्फ बबलू बाबा, संजय पाठक अंजनी कुमार मिश्रा , शशि प्रकाश अधिवक्ता उर्फ मनोज बाबाअनिल कुमार मिश्रा उर्फ दीपू बाबा, प्रेम बाबा , राजू रंजन तिवारी मनोरंजन पाठक ,आशीष पाठक अमित कुमार , भाजपा जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, वार्ड पार्षद राहुल गिरी ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय मिश्रा, प्रमंडलीय अध्यक्ष आचार्य हरे राम शास्त्री, पिंटू बाबू, पप्पू सिंह बजरंग दल के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार सिंह विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला संयोजक धनंजय कुमार कोषाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह रवि कुलभूषण श्याम मिश्र रणजीत मिश्रा रिविलगंज से अरुण मिश्रा, रवी भूषण मिश्र, रंजन कुमार दाउदपुर से सोनू तिवारी, श्री नारायण, गरखा से मुन्ना पाठक वगैरह प्रमुख लोगों उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना की।

# एसपीअमितेश कुमार ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण



**परवेज अख्तर /सिवान।** एसपी अमितेश कुमार ने शनिवार को लाइन डे के मौके पर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने शस्त्रागार, मेस, बैरक, स्टोर, कार्यालय, लाइन परिसर, आवासीय परिसर में जाकर व्यवस्थाओं को देखा और साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण कर वाहनों में लगे विभिन्न यंत्रों, उपकरणों की वस्तु स्थिति के बारे में जानकारी ली। विभिन्न रजिस्टरों की गहनता से जांच की। इस दौरान संबंधित को अभिलेखों के देख-रेख एवं कुशल संचालन के लिए निर्देशित किया गया। वहीं पुलिस लाइन के विभिन्न शाखा प्रभारियों से शाखा संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु उचित दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों व कर्मियों से अपने कर्तव्यों का सही प्रकार से निर्वहन करने को कहा। एसपी ने बताया कि पुलिस लाइन का लाइन डे के मौके पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कर केंद्र की आवश्यकताओं का जायजा लिया गया। पुलिस उपाधीक्षक रक्षित की उपस्थिति में लाइन डे के मौके पर शस्तिका कक्ष एवं अनुरोध कक्ष का संचालन पुलिस केंद्र में किया गया। पुलिस कर्मियों की समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारी को आदेशित किया गया। इस संबंध में उचित दिशा-निर्देश दिया गया। मौके पर लाइन डीएसपी विपिन नारायण शर्मा सहित पुलिस लाइन के अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## पिस्टल के साथ युवती का फोटो प्रसारित मामले में हुई छापेमारी

**परवेज अख्तर /सिवान।** एक युवती का पिस्टल के साथ फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में पुलिस ने युवती के घर पर छापेमारी की। हालांकि छापेमारी के दौरान युवती फरार मिली और उसके घर से पुलिस को कुछ बरामद नहीं हुआ है। मामले में एसपी अमितेश कुमार ने बताया कि उक्त फोटो प्रसारित के संबंध में पूर्व में भी कार्रवाई की जा चुकी है। फोटो में दिख रही युवती नगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली है। नाम पता सत्यापन के उपरांत शुक्रवार की रात्रि करीब साढ़े 11 घर पर छापेमारी व तलाशी भी ली गई। उक्त युवती घर पर नहीं पाई गई। आवश्यक पूछताछ हेतु इसके पिता को थाना पर लाया गया। घर में युवती की मां एवं भाभी पाई गई। छापेमारी के दौरान घर पर कोई भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ है। एक मोबाइल पाया गया, मोबाइल में इस मामले से संबंधित कुछ भी नहीं पाया गया ।

# छपरा के ''द सर्जन'' हॉस्पिटल में प्रत्येक शुक्रवार को होता हैं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

### इंसानियत के नाते जरूरतमंद की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : डॉ.अमित रंजन



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शहर के थाना रोड स्थिति द सर्जन हॉस्पिटल में प्रत्येक शुक्रवार को हॉस्पिटल के संस्थापक कैंसर सर्जन डॉ अमित रंजन के द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है.जिसमें गरीब असहाय मरीजों को परामर्श दिया जाता है. डॉ.अमित रंजन ने बताया कि यह कार्य हम करीब 6 माह से करते आ रहे है.उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल परिसर में शिविर का आयोजन करने का मुख्य उदेश्य यह है कि जिनको अति अवश्यकता होगी वही लोंग सेवा लेगे.क्षेत्र में जाकर कैंम्प करने पर जरूत मंद लोग कम सेवा ले पाते है, भीड़ भाड़ तो होती है लेकिन जिनको इसका लाभ मिलना चाहिए उनको नहीं मिल पाता है। उन्होंने बताया कि शिविर में 30 से 35 मरीज आते है और परामर्श लेते है.व्यक्ति को कभी भी मानवता में विश्वास नहीं खोना चाहियें.मानव एक समुद्र के समान होती है.ऐसे में यदि इस सागर की कुछ बूंदे गंदी भी हो जाए तो पूरा समुद्र गंदा नहीं होता है.मनुष्य को हमेशा इसी मानवता की सेवा करते हुए जीवन व्यतीत करना चाहिए.क्योंकि मानवता इंसान का सिर्फ एक अच्छा गुण ही नहीं बल्कि उसका धर्म ही होता है.सभी धर्मों में मानव सेवा को ईश्वर की सेवा बताया गया है.ऐसे में हर इंसान को यही प्रयास करना चाहिए कि वह सच्चे मन से, पूरी ईमानदारी के साथ न इंसान और जीवों की सेवा करे.इस कार्य में धनजज्य कुमार, मुन्ना, आकाश कुमार, रंजन यादव, इत्यादि भी अपना योगदान करते है।

## चोरी की मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार



**सिवान।** नगर थाना की गश्त दल ने चोरी की मोबाइल के साथ दो चोर गिरफ्तार कर लिया। मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर सुदर्शन राम ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर चोरी की मोबाइल के साथ दो चोर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खुरमाबाद निवासी मुकेश साह व विशाल कुमार पटेल शामिल है। दोनों से पूछताछ की गई। इसके बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।

## बघड़ा में पेड़ से गिरकर युवक की मौत

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बाघड़ा गांव में शनिवार की दोपहर पेड़ से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक गांव निवासी प्रभु प्रसाद का 36 वर्षीय पुत्र राजू प्रसाद खरवार बताया जाता है । घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि राजू जलावन के लिए पेड़ की डाली काट रहा था, तभी अचानक वह पेड़ से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इधर मौत की सूचना जैसे ही लोगों को हुई सभी सदर अस्पताल पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने कागजी कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम करा शव स्वजनों को सौंप दिया।

## हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**सिवान।** पचरूखी थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर थाना क्षेत्र के घरथवलिया से एक कट्टा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक युवक हथियार लेकर अपने घर पर मौजूद है। सूचना के बाद घर पर छापेमारी की गई तो उसके घर से एक कट्टा के साथ उक्त युवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उक्त गांव निवासी राहुल कुमार बैठा है। उस पर पूर्व में कोई कांड दर्ज नहीं है। पूछताछ के बाद उसे जेल भेजा दिया गया।

## सिवान : 25 की रात व 26 को दिन में गुल रहेगी बिजली

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** चेहल्लुम व महावीरी मेला को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। डीएम मुकुल कुमार गुप्ता व एसपी अमितेश कुमार ने पदाधिकारियों के संग बैठक कर कई दिशा-निर्देश दिए है। वहीं मेला के कारण 25 व 27 की रात व 26 व 29 को दिन में बिजली गुल रहेगी। सदर एसडीओ सुनील कुमार ने बताया कि शहरी क्षेत्र में चेहल्लुम व महावीरी मेला निकाला जाना है। इस दौरान 25 अगस्त की रात्रि 11 बजे से अगले दिन सुबह समाप्ति तक एवं 26 अगस्त को साढ़े तीन बजे दिन से समाप्ति तक एवं महावीरी मेला जुलूस मेला 27 अगस्त को साढ़े दस बजे रात्रि से समाप्ति तक व 29 अगस्त को दोपहर 12 बजे दिन से मेला समाप्ति तक सिवान शहरी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## राजकीय मध्य विद्यालय श्रीनगर से छात्रा गायब

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीनगर स्थित राजकीय मध्य विद्यालय से कक्षा छह की छात्रा गायब हो गई हैं। इस मामले में छात्रा की मां गीता देवी ने स्थानीय थाना में विद्यालय प्रशासन की मिली भगत से छात्रा की गायब होना का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया हैं। पीड़ित ने अपने आवेदन में कहा हैं कि प्रत्येक दिन की तरफ शुक्रवार को 12 वर्षीय पुत्री पढ़ाई करने विद्यालय गई थी। लेकिन संध्या तक नहीं लौटी। जब विद्यालय जाकर पूछताछ किया गया तो शिक्षकों ने कहा कि सारे बच्चे चले गए हैं। इसके बाद पूरी रात खोजबीन की गई लेकिन कहीं भी पता नहीं चल सका। शनिवार की सुबह पुनः विद्यालय में पूछताछ की गई तो शिक्षक संजय ने बताया कि आपकी पुत्री का बैग हैं लेकिन वह नहीं हैं। पुलिस आवेदन के आधार पर जांच कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई हैं।

# डिजिटल युग में आंख शरीर के महत्वपूर्ण अंग : एसडीओ

**परवेज अख्तर / सिवान।** दारौंदा प्रखंड के रुकुंदीपुर भरोस कुंवर के टोला निवासी पतिराम सिंह के निवास पर शनिवार को फेम फाउंडेशन एवं शांति निकेतन नेत्रालय के सौजन्य से शनिवार को निशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों की नेत्र जांच कर दवा, चश्मा का वितरण किया गया। साथ ही मरीजों की बीपी, वजन आदि की जांच कर दवाएं व परामर्श दिया गया। शिविर का उद्घाटन एसडीओ अनिल कुमार एवं एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओ ने कहा कि डिजिटल युग में शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंग आंख हैं। इसको स्वच्छ व स्वस्थ रखना सभी के लिए आवश्यक है। वहीं एसडीपीओ राकेश कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन करने वाले संस्थान काफी सराहनीय कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक पंचायत में ऐसा स्वास्थ्य जांच होनी चाहिए। फेम फाउंडेशन एवं शांति निकेतन नेत्रालय के सहयोग से आयोजित इस शिविर में सैकड़ों लोग स्वास्थ्य जांच, दवा एवं चश्मा लेकर लाभांवित हुए। कार्यक्रम में सभी प्रकार के रोगों की जांच कर आवश्यक परामर्श व दवा दिया गया। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ के अलावा जनरल फिजिशयन, महिला चिकित्सक द्वारा काफी संख्या में महिला-पुरुषों का इलाज किया गया तथा परामर्श व दवाएं दी गई। वहीं नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सक डा. शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी द्वारा आंख के जांचोपरांत चश्मा व दवा मुफ्त में दिए गए। शिविर में डा. सुमन कुमार, डा. राजीव गुप्ता, पंकज कुमार आदि चिकित्सक शामिल थे। शांति निकेतन के संस्थापक डा. शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी ने शिविर में शामिल सभी लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि अगर जांच में किसी तरह के आपरेशन करने की जरूरत पड़ी तो वह भी निशुल्क किया जाएगा। कार्यक्रम के सदस्य अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि यह दो दिवसीय शिविर है। रविवार को भी शिविर में मरीजों की स्वास्थ्य जांच, चश्मा, दवा वितरण किया जाएगा। उन्होंने लोगों से काफी संख्या में शामिल होकर इसका लाभ उठाने का आह्वान किया। मौके पर पतिराम सिंह, दिलीप कुमार सिंह, सुप्रिया कुमारी, अमरजीत सिंह, शैलेंद्र सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# राज्यस्तरीय महिला कार्यशाला में सारण से पांच हजार से अधिक जन सुराजी महिलाएं लेगी भाग



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** 25 अगस्त को पटना के बापू सभागार में आयोजित जनसुराज नारी शक्ति संवाद राज्यस्तरीय महिला कार्यशाला में सारण से पांच हजार से अधिक जन सुराज से जुड़ी महिलाएं भाग लेगी। जिसे जन सुराज के संस्थापक और पदयात्रा अभियान के प्रणेता प्रशांत किशोर जी संबोधित करेगे।उक्त बातें शनिवार को एक बयान जारी कर जन सुराज,सारण के मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने दी। श्री महासेठ ने बताया कि अगामीदो अक्टूबर को जन सुराज एक राजनीतिक दल बनेगा।इसमे महिलाओ की भूमिका और उनके योगदानों पर विचार-विमर्श होगा तथा जन सुराज महिला शक्ति जो बिहार की आधी अबादी है उसके लिए क्या क्या चिंताए है उस पर भी चर्चा होगी।इसके अलावा जन सुराज पार्टी के लिए बनाये जा रहे संविधानो पर भी रायशुमारी होगी। गौरतलब है कि बिहार में बेरोजगारी और पलायन सबसे बड़ी समस्या है जिससे सबसे ज्यादा प्रभावित महिलाए है। किसी के पति तो किसी के पुत्र। रोजी रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशो में पलायन कर गये है और गांव में उनके माता पिता,पत्नी और बच्चे अकेले अपना वक्त गुजार रहे है। ऐसे में जन सुराज के संस्थापक और पदयात्रा अभियान के प्रणेता प्रशांत किशोर जी कि यह घोषणा है कि जब बिहार में जन सुराज की सरकार बनेगी तब सभी बिहारियों को वापस बुला लिया जायेगा और बिहार में ही उन्हे रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा।बिहार की महिलाए चालीस पचास वर्षो के कंांग्रेस, राजद,भाजपा-जदयू सरकारों में सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि सारण की महिलाए इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए काफी उत्साहित है और बड़ी संख्या में शामिल हो रही है।



# सिवान में चेहल्लुम पर्व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर शहर में निकला फ्लैग मार्च

**परवेज अख्तर/सिवान।** चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण ब्यवस्था कायम रखने के लिए शनिवार की संध्या फ्लैग मार्च निकाला गया जहाँ हुटरो की आवाज से पूरा शहर गूंज उठाब़ताते चले कि आज मुस्लिम समुदायो का महत्वपूर्ण पर्व चेहल्लुम हैइसी को देखते हुए जिले में शांतिपूर्ण पर्व को सम्पन्न कराने को लेकर नगर इंस्पेक्टर सुदर्शन राम के नेतृत्व में शनिवार की संध्या जेपी चौक से फ्लैग मार्च निकाला गयाज़हां पूरा शहर हटरो की आवाज से गूंज उठाय़ह फ्लेग मार्च जेपी चौक से शुरू होकर अस्पताल मोड़,बबुनिया मोड़,बड़ी मस्जिद,शांति वटवृक्ष,डीएवी मोड़, स्टेशन रोड,स्टेशन,सिसवन ढाला, हरदिया मोड़,तरवारा मोड़,अस्पताल रोड, पकड़ी मोड़,गोपालगंज मोड़,कागजी मुहल्ला,पुरानी किला,आनन्द नगर मोड़ होते हुए पुनःजेपी चौक पर लौट गएइंदौर इंस्पेक्टर श्री राम ने बताया कि पर्व को के पुलिस अलर्ट हैक़ोई भी व्यक्ति किसी भी गलत काम करता है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आभूषण दुकान में चोरी के मामले में चार को हिरासत में, पूछताछ जारी

**दैनिक खोज खबर/ सिवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के माघर बाजार स्थित आभूषण सहित अन्य दुकानों में लगातार हो रही चोरी के मामले में भगवानपुर पुलिस ने शुक्रवार की रात छापेमारी कर चार लोगों को हिरासत में ले ली है।वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस द्वारा चोरी की घटना का उद्भेदन के लिए प्रयास में जुटी थी। इस मामले में जिन चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है तथा उनका अपराधिक इतिहास खंगालने में जुटी है। वैसे थानाध्यक्ष रमाशंकर साह इस मामले में अभी कुछ भी बताने से इन्कार कर रहे हैं, लेकिन सूत्र के अनुसार हिरासत में लिए गए एक व्यक्ति भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के माघर बाइस कट्ठा का है जबकि तीन लोग बसंतपुर थाना क्षेत्र के कुकुमपुर, सोहिलपट्टी और मगही के बताए जाते हैं। ज्ञात हो कि इसी माह के एक अगस्त तारीख को माघर बाजार स्थित हरिकिशोर सर्राफ के आभूषण दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने दुकान में रखे करीब पांच लाख से अधिक का आभूषण चोरी कर ली गई थी। इसके बाद इसी बाजार पर दीपक सोनी के शोभा ज्वेलर्स नामक दुकान को बंद कर अपने बाइक के डिक्की में आभूषण रखकर घर जाने के क्रम में किराना दुकान पर सामान खरीदने के लिए बाइक लगा कर गए तभी अपाची बाइक से दो बदमाशों ने डिक्की में रखे गहने के बैग को ले उड़े। 19 अगस्त को चोरों ने पान दुकान का ताला तोड़ा और सब्जी दुकान का एस्बेस्टस तोड़ कर दुकान घुस चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

साओ व थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

